भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 155

उत्तर देने की तारीख 01 दिसंबर, 2025
10 अग्रहायण, 1947 (शक)

केआईएस के अंतर्गत खेल परिसरों और स्टेडियमों का विकास

155. श्रीमती मालविका देवी :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं,

(ख) खेलो इंडिया योजना (केआईएस) के अंतर्गत कुल कितने खेल परिसर और स्टेडियम विकसित और निर्मित किए गए हैं, और

(ग) सरकार द्वारा ओडिशा के कालाहांडी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के आकांक्षी जिलों, विशेषकर कालाहांडी और नुआपाड़ा में नई खेल अकादमियां स्थापित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): खेल राज्य का विषय होने के कारण, खेलों के विकास की जिम्मेदारी, जिसमें खेल परिसर और स्टेडियम के माध्यम से खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और देश में नई खेल अकादमियों की स्थापना करना शामिल है, मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार केवल महत्वपूर्ण बाधाओं को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। ओडिशा राज्य सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम के तहत स्वीकृत खेल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और उनकी स्वीकृत लागत, जारी किए गए धन और उनकी वास्तविक और वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है। खेलो इंडिया स्कीम के तहत ओडिशा राज्य सहित देश भर में अन्य खेल सुविधाओं जैसे; खेलो इंडिया केंद्र, खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र और खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियों का विवरण https://dashboard.kheloindia.gov.in पर उपलब्ध हैं।

****